तापमान
अधिकतम .27 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026

2 आदिधर्म को मान्यता देने आदिवासियों की हुंकार





## खबर संक्षेप

### मशाल गौरव रथ यात्रा का किया गया स्वागत

**रायगढ़।** जिले में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रचार-प्रसार एवं युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई मशाल गौरव रथ यात्रा का उत्साहपूर्वक और भव्य स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ की मेजबानी में 14 फरवरी से आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स को लेकर प्रदेशभर में यह रथ यात्रा निकाली जा रही है, जो विभिन्न जिलों का भ्रमण कर युवाओं और खिलाड़ियों में खेलों के प्रति उत्साह जगा रही है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि सेंट जेवियर स्कूल बोईरदादर रायगढ़ में खेलो इंडिया मशाल रैली रथ एवं खेलों के शुभंकर मोर वीर का विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मंगल साय तिर्कीए शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने तालियों और नारों के साथ रथ यात्रा का अभिनंदन कर खेलों के प्रति अपना उत्साह प्रकट किया। विद्यालय कार्यक्रम के पश्चात मशाल गौरव रथ रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर पहुंचा जहां खिलाड़ियों ने खेलों के शुभंकर मोर वीर का उत्साह के साथ स्वागत किया।

### छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

**रायगढ़।** विकासखंड तमनार अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सामारुमा में आज कक्षा नवमी की नवप्रवेशी छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सामारुमा की सरपंच श्रीमती ज्योति सिदार, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गुलामन चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे पर प्रसन्नता और उत्साह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत संचालित निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना, रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना सहित अन्य योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।

### 1583 बालिकाओं का होगा एचपीवी टीकाकरण

**रायगढ़।** जिले के शासकीय आश्रमों एवं छात्रावासों में अध्ययनरत 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की 1583 बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी से बचाव का टीका लगाया जाएगा। यह पहल गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले के आश्रमों एवं छात्रावासों में अध्ययनरत अधिकांश बालिकाएं वनांचल, खनन प्रभावित एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों से आती हैं, जहाँ स्वास्थ्य जागरूकता तथा निवारक चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच सीमित रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य इन बालिकाओं को समय रहते आवश्यक स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना है।चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का प्रमुख कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण है। यह रोग प्रारंभिक अवस्था में स्पष्ट लक्षण न होने के कारण देर से पहचान में आता है, जिससे उपचार जटिल हो जाता है। विशेषज्ञों द्वारा 9 से 14 वर्ष की आयु में एचपीवी टीकाकरण को प्रभावी एवं सुरक्षित माना गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बालिका को एचपीवी टीके की दो खुराक दी जाएंगी। पहली खुराक के छह माह पश्चात दूसरी खुराक दी जाएगी। प्रति बालिका टीकाकरण की अनुमानित लागत लगभग 1800 रुपए होगी, जिसका वहन डीएमएफ से किया जाएगा। आश्रमों एवं छात्रावासों में निवासरत अनेक बालिकाएँ ऐसी पारिवारिक पृष्ठभूमि से आती हैं, जहाँ स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, नियमित जांच एवं निवारक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव रहा है।

## एफआरके (फोर्टिफाइड राइस) की सप्लाई नहीं, सेंट्रलाइज टेंडर से रुका काम

# हितग्राहियों के लिए पीडीएस का भंडार खाली अब एक साथ दो महीने का चावल देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि आप पीडीएस चावल से अपना जीवन – यापन चलाना चाह रहे हैं तो आपक कुछ दिन भूखे सोना पड़ सकता है। वजह हितग्राहियों के लिए पीडीएस का भंडार अभी खाली है। भंडार खाली होने का कारण अब तक एफआरके चावल (फोर्टिफाइड राइस) जमा नहीं होने को माना जा रहा है। जब तक फोर्टिफाइड चावल की सप्लाई नहीं होगी तब तक नॉन के गोदाम में चावल का भंडारण नहीं हो सकता। सामान्य चावल में 1 फीसदी फोर्टिफाइड चावल मिलाना जरुरी है। इसके बगैर हितग्राहियों को चावल वितरण नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर फोर्टिफाइड चावल की सप्लाई सेंट्रलाइज टेंडर की वजह से नहीं हो पा रही है। मार्कफेड ने प्रदेश भर के लिए ग्लोबल टेंडर कॉल किया है। इसके पहले हर जिले के लिए अलग-अलग टेंडर होता था, लेकिन बीते दो सालों से इसे सेंट्रलाइज कर दिया गया है। रायगढ़ जिले में फोर्टिफाइड चावल सप्लाई करने के लिए दो फर्मों को ठेका मिला है। इसमें अंबिका परबॉल्ड और कोई सांवड़िया है उसे काम मिला है। उनके द्वारा कब सप्लाई की जाएगी यह कहा नहीं जा सकता, लेकिन जब तक फोर्टिफाइड चावल की सप्लाई नहीं होगी तब तक हितग्राहियों को चावल नहीं मिलेगी। हालांकि जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक जिस तरह बारिश के पहले जून, जुलाई और अगस्त तीन महीने का चावल दिया जाता है, उसी तर्ज पर फरवरी और मार्च दो महीने का एक साथ चावल देने की तैयारी चल रही है, लेकिन कब तक यह पता नहीं। फोर्टिफाइड चावल चावल की सप्लाई गिने चुने मिलर ही करते हैं। रायगढ़ में चार फोर्टिफाइड चावल बनाने वाले मिलर हैं, लेकिन अभी उनको काम नहीं मिला है। इसके पीछे के कारणों को कोई समझ नहीं पा रहा है। दूसरी ओर ज्यादा कीमत में दीगर जिले के दो फर्मों से रायगढ़ जिले के लिए फोर्टिफाइड चावल खरीदी जा रही है। इसके लिए टेंडर हुआ था, जिसमें दोनों के रेट को फायनल किया गया है। हालांकि जो जानकारी मिली है जो फोर्टिफाइड चावल रायगढ़ में ही 4100 रुपए प्रति क्विंटल मिल सकता है उसे करीब 5900 रुपए में खरीदी की जा रही है। दूसरी ओर फोर्टिफाइड चावल की वास्तविक कीमत 32 से 3500 रुपए के आसपास ही रहता है।

**खास बात**

- इसके बगैर चावल नहीं हो पा रहा है जमा, कारण एक प्रतिशत मिलाना जरुरी



**ऐसे हुआ खुलासा**

नागरिक आपूर्ति निगम का भंडार खाली होने का खुलासा राशन दुकानों में पहुंचे हितग्राहियों को जब चावल के बदले पैसे दिए गए तो इसका खुलासा हुआ। हालांकि पैसे तो पहले भी दिया जाता रहा है, लेकिन अभी तो चावल के बदले पैसा दिया जा रहा है वह चावल का भंडारण नहीं होने के कारण है। दो दिन पहले एक महिला हिताग्राही ने इसका खुलासा किया था। इसकी रिपोर्ट भी कलेक्टर ने फूड विभाग से मांगी है।

**इसलिए मिलाई जाती है फोर्टिफाइड चावल**

फोर्टिफाइड चावल वह चावल है जिसमें आयरन, फोलिक एसीड औ विटामिन बी12 जैसे जरुरी सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाए जाते हैं। ताकि कुपोषण (विशेष कर एनीमिया) से लड़ा जा सके। प्रदेश सरकार ने प्रदेश में चल रहे जनकल्याणकारी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल ही देने का फैसला लिया है। इसमें एपीएल कार्डधारियों को छोड़कर बाकी सभी कार्डधारियों को फोर्टिफाइड चावल ही मिलता है। 99 किलो सामान्य चावल में एक किलो फोर्टिफाइड चावल मिलाई जाती है। छग में इसी चावल का वितरण पीडीएस में होता है। अन्य सरकारी संस्थाएं जैसे हॉस्टल, आंगनबाड़ियों को भी इसी चावल का वितरण किया जाता है।

**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| जिले में अंत्योदय कार्ड | - 66125 |
| जिले में निराश्रित कार्ड | - 1407 |
| जिले में प्राथमिकता कार्ड | - 225996 |
| जिले में निःशक्तजन कार्ड | - 362 |

**ऐसे हैं जिले में हितग्राही**

| | |
|---|---|
| जिले में अंत्योदय सदस्य | -67568 |
| जिले में निराश्रित सदस्य | - 1407 |
| जिले में प्राथमिकता सदस्य | -763879 |
| जिले में निःशक्तजन कार्ड | -370 |

टेंडर की पूरी प्रक्रिया हो गई है। एक-दो दिन में फोर्टिफाइड चावल की सप्लाई हो जाएगी।
**जान्हवी जैन**
डीएमओ

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान से बच्चों में जगी वैज्ञानिक सोच

**रायगढ़।** बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि, जिज्ञासा एवं नवाचारी दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत रायगढ़ जिले के प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित जिला स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव एवं जिला मिशन समन्वयक आलोक स्वर्णकार के समन्वय में आयोजित किया गया। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में ज्ञान संग्रह, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचारी सोच और आत्मविश्वास विकसित करने में पूर्णतः सफल रहा तथा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के उद्देश्यों को साकार करता प्रतीत हुआ। भ्रमण के दौरान डीएमसी आलोक स्वर्णकार स्वयं मेडिकल कॉलेज पहुँचे और बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें डायरी एवं पेन प्रदान किए, ताकि वे दिनभर के अनुभवों, गतिविधियों और सीख को अंकित कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को भ्रमण का भरपूर आनंद लेने, मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों से जानकारी एकत्र करने तथा यह समझने के लिए प्रेरित किया कि यह ज्ञान उनके भविष्य में किस प्रकार के अवसर प्रदान कर सकता है।

## नाबालिग बच्चों को नशे के लिए बेच रहा था व्हाइटनर, दो स्टेशनरी संचालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लैलूंगा पुलिस ने हाईस्कूल के सामने मेन रोड किनारे स्थित साक्षी स्टेशनरी के संचालक चंद्रभान पटेल एवं प्रिया फैन्सी एवं स्टेशनरी संचालक उमेश पटेल निवासी लैलूंगा द्वारा अपनी दुकानों में व्हाइट इंक व्हाइटनर बड़ी मात्रा में रखकर नाबालिग बच्चों को नशे के रूप में उपयोग के लिए विक्रय किया जा रहा था। इसकी सूचना पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम गठित कर दोनों दुकानों पर दबिश दी गई। जहां से कोरस इराज-एक्स व्हाइट इंक करेक्शन पेन सेट 12 एमएल डाइल्यूटर पेन 234 नग, कीमती करीब 6 हजार 990 तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों आरोपी यह जानते हुए भी कि उक्त व्हाइट इंक करेक्शन पेन सेट एक हानिकारक पदार्थ है, जिसके सेवन से मानव जीवन संकट में पड़ सकता है। इसके बाद भी नाबालिग बच्चों को विक्रय कर रहे थे, जिससे बच्चों को नशे की लत लगने तथा उनके मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। आरोपियों चंद्रभान पटेल एवं उमेश पटेल के विरुद्ध थाना लैलूंगा में धारा 77 बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम जेजे एक्ट तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 123, 275, 286 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### शहीदों की स्मृति में कलेक्टोरेट में मौन कार्यक्रम



**रायगढ़।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में जिला कलेक्ट्रेट में मौन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार हमारे जीवन और समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम और सेवा जैसे उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आदर्श न केवल हमें प्रेरित करते हैं, बल्कि एक समरसए शांतिपूर्ण और नैतिक समाज के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं।

## सत्यनारायण बाबा पर सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सोशल मीडिया पर श्री सत्यनारायण बाबा के खिलाफ आपत्तिजनक, अशोभनीय एवं निंदनीय टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सरोज रात्रे पिता राम लकेश्वर रात्रे 32 निवासी सलिहाभांठा थाना उरगा जिला कोरबा को कोरबा पुलिस की मदद से कोरबा से गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

घटना को लेकर पुलिस को लिखित शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें उल्लेख था कि फेसबुक अकाउंट नामक आईडी से श्री सत्यनारायण बाबा को लेकर आपत्तिजनक वीडियो स्ट किया गया है। कोतरा रोड पुलिस और साइबर थाना ने संयुक्त रूप से धारा 353, 299 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। साइबर एक्सपर्ट टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर एक टीम कोरबा रवाना की गई। कोरबा पुलिस की मदद से आरोपी सरोज रात्रे को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से सोशल मीडिया पर अवांछित सामग्री शेयर करने में प्रयुक्त मोबाइल जब्त कर लिया है।

## कबड्डी खेलने जा रहे युवकों पर मधुमक्खियों का हमला, पुलिस ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कबड्डी खेलने जा रहें कमरगा गांव के करीब 6-7 युवकों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इन युवकों को पुलिस टीम ने अपनी जान जोखिम में डालकर बचाई है। घटना बीते 29 जनवरी लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम रूडूकेला की है।

जानकारी के अनुसार थाना लैलूंगा में पदस्थ प्रधान आरक्षक शिव पैंकरा जांच के सिलसिले में मोटरसाइकिल से ग्राम भ्रमण पर निकले थे। दोपहर करीब 1 बजे ग्राम रूडूकेला पहुंचने पर उन्हें सूचना मिली कि ग्राम कमरगा के 6-7 युवक कबड्डी खेलने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। जिससे वे संतुलन खोकर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रधान आरक्षक शिव पैंकरा ने बिना अपनी जान की परवाह किए मौके पर पहुंचकर बड़ी प्लास्टिक शीट की व्यवस्था की, मशाल जलाकर युवकों पर घिरी मधुमक्खियों को दूर भगाया तथा ग्रामीणों की सहायता से सभी घायलों को लैलूंगा अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार जारी है।

## बीते साल से हुई तीन लाख क्विंटल कम खरीदी, आज आएगा फायनल आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अधिकारियों की मेहनत रंग लाई और शासन की ओर से जो टारगेट मिला था उससे करीब तीन लाख क्विंटल कम धान खरीदी करने में सफल हो गए। बीते साल 50 लाख 87 हजार 976 क्विंटल खरीदी हुई थी, लेकिन इस साल शुक्रवार पांच बजे तक 47 लाख 75 हजार 843 क्विंटल खरीदी होने की जानकारी मिली है। हालांकि रात 12 बजे तक आखिरी दिन खरीदी गई धान की एंट्री की गई है। ऐसे में आज ही खरीदी का फायनल आंकड़ा आने की बात कही जा रही हे। वहीं खरीदी के आखिरी दिन भी पुसौर में करीब 60 बोरी अवैध धान पकड़ में आने की जानकारी मिली है। बीते साल से इस बार धान खरीदी कम करने का मौखिक निर्देश दिया गया था। इसके कारण अधिकारियों ने इसके लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। हालांकि अधिकारी अपने मंसूबे में सफल हो गए हैं। बीते साल से करीब तीन लाख क्विंटल कम धान खरीदी होने की बात कही जा रही हे। दूसरी ओर आखिरी दिन पुसौर में 60 कट्टा धान पकड़ा गया है। जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार पुसौर और खाद्य निरीक्षक चूड़ामणि सिदार द्वारा एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 यूएफ 1466 में लोड़ 60 कट्टा अवैध धान पकड़ा गया है। इस धान का कोई दस्तावेज नहीं था। इस अवैध धान का परिवहन करते हुए ग्राम औरदा चौक के पास वाहन सहित पकडा गया है। चालक नवल यादव द्वारा उक्त धान ग्राम जोगीतराई से से ग्राम बड़े हरदी ले जाना बताया गया।

### फरवरी से एजेंडे अनुसार होगी बैठक

## एसएसपी ने दिखाए तेवर, कहा अपराधियों को मिले सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नव पदस्थ एसएसपी शशि मोहन सिंह ने पहली बैठक में ही अपना तेवर दिखा दिया है। उन्होंने अवैध शराब, अवैध कारोबार, गांजा तस्करी, जुआ, सट्टा, नशीली दवाओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और किसी तरह समझौता नहीं करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सामान्य किस्म के मारपीट जुआ, सट्टा आबकारी के मामलों का समयबद्ध गंभीरतापूर्वक निराकरण करें।

एसएसपी ने थाना प्रभारियों को केवल अपराध निराकरण की मंशा नहीं, बल्कि अपराधियों को सजा दिलाने की सोच के साथ मजबूत विवेचना करने पर जोर दिया। विवेचना स्तर में सुधार के लिए सीएसपी और रक्षित निरीक्षक को विवेचकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने तथा विवेचकों का अलग व्हाट्सएप ग्रुप तैयार कर विवेचना संबंधी मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए गए।

**असामाजिक तत्वों के आय स्रोतों पर रहेगी नजर**

अपराध नियंत्रण को लेकर एसएसपी ने बेसिक पुलिसिंग पर विशेष जोर देते हुए नियमित पेट्रोलिंगए बदमाशों की अधिक से अधिक जांच, निगरानी गुंडा एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने, उनके आय स्रोतों की जानकारी लेकर वैधानिक कार्रवाई करने तथा विजिबल पुलिसिंग अपनाने के निर्देश दिए। टेक्नोलॉजी को भविष्य की पुलिसिंग का अहम हिस्सा बताते हुए सीसीटीएनएस एवं सभी विभागीय पोर्टलों को अद्यतन रखने कहा गया।

## 75 हजार एमटी कोयले का हिसाब नहीं, गरजनबाहल और रेलवे साइडिंग में तलाशी

**सुंदरगढ़।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड एमसीएल के गरजनबाहल, कुलदा कोयला खदान और कनिका रेलवे साइडिंग में सीबीआई की विशेष टीम ने छापेमारी की है। खदान से साइडिंग तक पहुंचाए गए लगभग 75 हजार टन कोयले का कोई हिसाब नहीं मिल रहा है, जिसके आरोप में यह कार्रवाई की गई है। कोयला चोरी और अवैध परिवहन के गंभीर आरोपों के चलते दिल्ली से सीबीआई की तीन टीमें एक साथ सक्रिय होकर तलाशी अभियान चला रही हैं। कनिका रेलवे साइडिंग के इंचार्ज सीपी सेठी को उनकी कंपनी आवास से उठाकर तथा गरजनबाहल खदान के कर्मचारियों को लेकर कनिका साइडिंग में पूछताछ की जा रही है। सीबीआई टीम कोयले के परिवहन की पूरी प्रक्रिया की जांच कर रही है। कोयला साइडिंग से कैसे गुजरता थाए इसे कौन ले जाता थाए और यह कहां भेजा जाता था। इन सवालों पर गहन पूछताछ चल रही है। सीपी सेठी एमसीएल कर्मचारी हैं और पहले गरजनबाहल खदान प्रोजेक्ट में जिम्मेदारी संभाल चुके थे। उसी दौरान कोयला चोरी और अवैध परिवहन की सूचनाएं मिली थीं। अब वे रेलवे साइडिंग के इंचार्ज हैं, जहां से कोयला रेलवे रेक के माध्यम से बाहर भेजा जाता है। यह छापेमारी एमसीएल में कोयला चोरी के पुराने और लगातार सामने आ रहे मामलों को उजागर करती है। कुलदा और गरजनबाहल जैसे बड़े ओपनकास्ट प्रोजेक्ट्स से लाखों टन कोयला निकाला जाता है।

## खबर संक्षेप

### सुंदरगढ़ में हाथियों का आतंक 12 के झुंड से गांवों में दहशत

**सुंदरगढ़।** जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा हैए जिससे ग्रामीण भय और रातों की नींद खोने को मजबूर हैं। बोनाई वन प्रमंडल के तामड़ा रेंज अंतर्गत गांवों में 12 हाथियों का एक झुंड लगातार उत्पात मचा रहा है, जिससे क्षेत्र का सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बड़गांव, डूमरमुंडा, नुनियापाली, कांतापाली सहित कुल छह गांव इस हाथी दल की आवाजाही से प्रभावित हैं। दिन के समय हाथी घने जंगलों में रहते हैं, जबकि रात होते ही गांवों में घुसकर दहशत फैलाते हैं। धान कटाई का मौसम समाप्त हो चुका है और ग्रामीणों ने कटी हुई धान अपने घरों में संग्रहित कर रखी है। इसी का फायदा उठाकर हाथी घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैंए अपनी सूंड से धान की बोरियां उठाकर अनाज खा रहे हैं या उसे नष्ट कर दे रहे हैंए जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान हो रहा है। इससे पहले क्षेत्र में एक अकेला दंतैल हाथी उत्पात मचा रहा था लेकिन झारखंड की ओर से 12 हाथियों का झुंड आने के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। अब बड़े पैमाने पर घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और धान के भंडार नष्ट किए जा रहे हैं।

### राउरकेला सरकारी ठेकेदार महासंघ की हुई अहम बैठक

**राउरकेला।** राउरकेला नगर में महानगर निगम कार्यालय के समक्ष स्थित पार्क परिसर में राउरकेला सरकारी ठेकेदार महासंघ की एक महत्वपूर्ण आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, ठेका प्रणाली में पारदर्शिता तथा स्थानीय ठेकेदारों के हितों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में करीब 200 से अधिक सरकारी पंजीकृत ठेकेदारों ने भाग लेकर एकजुटता और प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश दिया। बैठक का सबसे अहम निर्णय यह रहा कि सभी ठेकेदारों ने शेड्यूल रेट पर ही टेंडर डालने पर सर्वसम्मति जताई। ठेकेदारों का मत था कि शेड्यूल रेट से नीचे ठेका लेने की प्रवृत्ति से न केवल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होती हैए बल्कि श्रमिकों, सामग्री आपूर्तिकर्ताओं और आम जनता के हितों को भी नुकसान पहुंचता है। इसलिए भविष्य में इस निर्णय का कड़ाई से पालन करने का संकल्प लिया गया। बैठक में राउरकेला के ठेकेदारों ने बाहरी ठेकेदारों के बहिष्कार का भी निर्णय लिया और उनसे अपील की कि वे राउरकेला क्षेत्र में टेंडर प्रक्रिया से दूर रहें। ठेकेदारों का आरोप है कि बाहरी ठेकेदार कार्य प्राप्त करने के बाद समय सीमा समाप्त होने पर भी काम अधूरा छोड़ देते हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही, ऐसे ठेकेदारों को कुछ अधिकारियों द्वारा अनुचित सहयोग दिए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की गई।

### एफआईएच प्रो हॉकी लीग के लिए राउरकेला तैयार

**राउरकेला।** एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2026 के आयोजन को लेकर राउरकेला पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 10 फरवरी से शुरू होने जा रहे इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए शहर में व्यापक स्तर पर तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं। इस बहुप्रतीक्षित खेल महाकुंभ के स्वागत में राउरकेला उत्साहए उमंग और खेल भावना से सराबोर है। टूर्नामेंट से पूर्व शहर को आकर्षक स्वरूप देने के उद्देश्य से राउरकेला नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। शहर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर हॉकी खेल तथा ओडिशा की समृद्ध कला और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए रंग.बिरंगे भित्ति चित्र म्यूरल्स उकेरे जा रहे हैं। ये कलात्मक चित्र न केवल शहर की सुंदरता बढ़ा रहे हैंए बल्कि आगंतुकों को ओडिशा की सांस्कृतिक पहचान से भी परिचित करा रहे हैं। एफआईएच प्रो हॉकी लीग के मुकाबले 10 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे जिनमें तीन अंतरराष्ट्रीय टीमें राउरकेला में अपने.अपने मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट की अंतरराष्ट्रीय रंगत उस समय और बढ़ गई जब बेल्जियम की हॉकी टीम पहले ही राउरकेला पहुंच गई। विदेशी खिलाड़ियों की मौजूदगी से स्थानीय खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### सरगुजा ओलंपिकः आदिवासी अंचल की खेल प्रतिभाओं को मिल रहा नया मंच

# विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू, 3 फरवरी तक खिलाड़ी खेल प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा संभाग अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं की अपार संभावनाओं के लिए भी जाना जाता है। यहां के युवाओं में खेलों के प्रति स्वभाविक रुचि, शारीरिक क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बा विद्यमान है। इसी क्षमता को पहचानकर उन्हें खेल की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आदिवासी अंचल के युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का एक सशक्त और सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार सरगुजा संभाग के सभी जिलों में विकासखंड स्तरीय आयोजन शुरू हो गए है। जशपुर जिले में भी 28 जनवरी 2026 से 3 फरवरी 2026 तक विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जशपुर जिले में इसी अवधि में प्रतियोगिताएं



आयोजित हो रही है। इनमें जूनियर वर्ग (14 से 17 वर्ष, बालक/बालिका) तथा सीनियर वर्ग (18 वर्ष से अधिक, महिला/पुरुष) के प्रतिभागी भाग ले रहे है। सरगुजा ओलंपिक की ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया के माध्यम से जिले में 56 हजार से अधिक प्रतिभागी पंजीकृत होकर इस खेल महाकुंभ में शामिल हो रहे हैं। सरगुजा ओलंपिक 2025-26 में कुल 12 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। व्यक्तिगत खेलों में एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, 400 मीटर रिले), तीरंदाजी (इंडियन राउंड), बैडमिंटन, कुश्ती एवं कराते शामिल हैं। वहीं दलीय खेलों में फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकशी और बास्केटबॉल के मुकाबले होंगे। इन प्रतियोगिताओं में सरगुजा संभाग के सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़ दृचिरमिरीदृभरतपुर एवं जशपुर जिलों के खेल में रुचि रखने वाले प्रतिभागी भाग ले रहे है।

#### जशपुर जिले के आठ विकासखंडों से रिकॉर्ड सहभागिता

जशपुर जिले के आठों विकासखंडों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। इनमें विकासखंड कांसाबेल से 5,324 प्रतिभागी, कुनकुरी से 10,185 प्रतिभागी, जशपुर से 6,492 प्रतिभागी, दुलदुला से 4,592 प्रतिभागी, पत्थलगांव से 12,858 प्रतिभागी, फरसाबहार से 6,397 प्रतिभागी, बागीचा से 6,764 प्रतिभागी एवं विकासखंड मनोरा से 4,336 प्रतिभागी सहित कुल 56,948 खिलाड़ी सरगुजा ओलंपिक 2025-26 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

#### खेलों से आत्मविश्वास और पहचान

सरगुजा ओलंपिक केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आदिवासी अंचल के युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम है। इस आयोजन से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होंगे।सरगुजा ओलंपिक 2025-26 जशपुर सहित पूरे संभाग के लिए खेल संस्कृति को सशक्त करने और नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित होगा।

## परीक्षा अवधि में शांति सुनिश्चित करने कलेक्टर का सख्त आदेश

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा की शांतिपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सख्त कदम उठाया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोहित व्यास ने लोकहित में जशपुर जिले की सीमा के भीतर ध्वनि प्रदूषण और अनावश्यक कोलाहल पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 31 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगा। कलेक्टर ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 4, 5, 10 एवं 11 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह प्रतिबंध लागू किया है। कलेक्टर श्री व्यास ने आम नागरिकों, आयोजकों और संस्थाओं से अपील की है कि वे विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आदेशों का पूर्णतः पालन करें, ताकि परीक्षा अवधि में शांत वातावरण सुनिश्चित किया जा सके और छात्र बिना किसी व्यवधान के अध्ययन एवं परीक्षा दे सकें।

**रात्रिकालीन समय में पूर्ण प्रतिबंधः** जारी आदेश के अनुसार रात्रि 09.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक किसी भी स्थान पर तीव्र संगीत बजाने अथवा बजवाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसी अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) का उपयोग भी पूरी तरह वर्जित रहेगा। इसके अतिरिक्त उक्त समयावधि में किसी भी प्रकार का कोलाहल लोकहित में प्रतिबंधित किया गया है।

**दिन के समय भी अनुमति आवश्यकः** प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे के बीच भी बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर लाउडस्पीकर जब्त किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

**वाहनों के हार्न पर भी सख्तीः** आदेश में मोटर यानों से उत्पन्न होने वाले कोलाहल पर भी नियंत्रण लगाया गया है। कोई भी व्यक्ति ऐसा विद्युत हार्न नहीं बजाएगा जिससे पैदल चलने वाले व्यक्ति घबरा जाएं या जिससे किसी को संत्रास अथवा क्षोभ उत्पन्न हो।

**विशेष परिस्थितियों में छूट का प्रावधान :** जिन व्यक्तियों या संस्थाओं को कानून द्वारा छूट प्रदान की गई है, उन पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। वहीं किसी विशेष प्रयोजन के लिए प्रतिबंध से छूट आवश्यक होने पर संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिखित अनुमति लेनी होगी।

## आदिधर्म को मान्यता देने आदिवासियों की हुंकार

**राउरकेला।** आदिवासी समाज के पारंपरिक धर्म को श्आदिधर्मश के रूप में संवैधानिक मान्यता देने तथा आगामी जनगणना में इसके लिए पृथक धर्म कोड निर्धारित किए जाने की मांग को लेकर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन शुक्रवार को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला स्थित एडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किया गया।



ज्ञापन पाड़हा समुदाय की ओर से पादा पाड़हा, ओडिशा राजी पाड़हा, भारत की राज्य इकाईद्ध द्वारा सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आदिवासी समाज का अपना विशिष्ट पारंपरिक, सामाजिक, धार्मिक एवं न्यायिक ढांचा हैए जो रूढ़ि.प्रथा आधारित स्वशासन व्यवस्था पर आधारित है। इसके बावजूद आज तक आदिवासियों के मूल धर्म को न तो संविधान में पृथक पहचान मिली है और न ही जनगणना प्रक्रिया में स्वतंत्र धर्म कोड का प्रावधान किया गया है। मांगकर्ताओं का कहना है कि आदिधर्म आदिवासी समाज की मूल आस्था, संस्कृति और जीवन पद्धति का प्रतिनिधित्व करता है।

## रजत जयंती समारोह में दी गई उपभोक्ताओं को योजनाओं की जानकारी

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ;विद्युत विभागद्ध बिलाईगढ़ द्वारा अपनी स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में 30 जनवरी को विद्युत विभाग परिसर बिलाईगढ़ में दोपहर 2 बजे से समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी विद्युत योजनाओं की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाना रहा। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों महिला.पुरुष उपभोक्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष दामोदर प्रसाद दुबे रहे। उनका स्वागत विद्युत विभाग के उप अभियंता राणा सिंह राय एवं कनिष्ठ यंत्री रश्मि सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि श्री दुबे ने अपने उद्बोधन में नागरिकों से अधिकाधिक सौर पैनल स्थापित करनेए बिजली की बचत कर विद्युत बिल कम करने तथा शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी.कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को सोलर पैनल स्थापनाए उससे होने वाली बचत एवं दीर्घकालीन लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन शासन के निर्देशानुसार सहायक अभियंता राणा सिंह राय के मार्गदर्शन एवं कनिष्ठ यंत्री सुश्री रश्मि ध्रुव के नेतृत्व में किया गया।



## एनएसएस विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने दिया सेवा और समर्पण का संदेश



**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम बेलटिकरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू सहा प्राध्यापक भूगोल के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में सात दिनों तक स्वयंसेवकों ने ग्राम सेवाए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक दायित्वों से जुड़े विविध रचनात्मक कार्यक्रमों का संचालन कर ग्रामीणों के बीच सेवा और समर्पण का संदेश दिया।

शिविर के प्रथम दिवस उद्घाटन एवं ग्राम सर्वेक्षण कर ग्रामीण समस्याओं की पहचान की गई तथा स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर, सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की गई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। प्रतिदिन स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता एवं नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई तथा साक्षरता, मतदाता जागरूकता एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण कार्यक्रम संपन्न हुए।

बौद्धिक परिचर्चा में स्त्रोत व्यक्ति के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं अतिथियों में सुनीता विक्रम कोशले हिंदी, उमाशंकर भारद्वाज भौतिकी, अन्नू केवरा गणित, रंगनाथ यादव इतिहास, दीपक कुर्रे वनस्पतिशास्त्र, कुसुम प्रधान अंग्रेजी, डॉ सुमन लता राठौर अर्थशास्त्र, डॉ ज्योति शर्मा राजनीति, नरेंद्र राकेश भूगोल, दूजबाई भारद्वाज रसायन, नयना निराला वनस्पतिशास्त्र, कमल किशोर जांगड़े प्राणिशास्त्र, विनोद डडसेना सहा शिक्षक, चिराग साहू सामाजिक कार्यकर्ता, हीराराम कुर्रे व्याख्याता वक्ता रहे। छठवें दिवस सांस्कृतिक संध्या में मनमोहक एवं प्रेरक नृत्य नाटक प्रस्तुतियों के द्वारा ग्रामवासियों के मनोरंजन के साथ साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया गया।

## दुर्ग में आयोजित किसान मेले में शामिल हुए जिले के कृषक




**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि से जोड़ने एवं उनकी आय में वृद्धि के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

शासन की इन योजनाओं का लाभ उठाकर कृषक पारंपरिक खेती के तरीकों से आगे बढ़ते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों तथा उन्नत बीजों को अपना रहे हैं, जिससे उनकी उत्पादकता के साथ-साथ आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। इसी क्रम में जिले के कृषकों का एक समूह उद्यानिकी विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के तत्वावधान में आयोजित किसान मेला 2026 में सहभागिता हेतु कुम्हारी, जिला दुर्ग पहुंचा। यह दो दिवसीय किसान मेला 30 एवं 31 जनवरी को आयोजित किया गया है। किसान मेला-प्रदर्शनी के दौरान कृषकों ने कृषि संगोष्ठियों, प्रदर्शनी एवं विक्रय स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा प्रदर्शित आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों तथा कृषि आदानों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कृषकों ने कृषि विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद कर खेती को अधिक लाभकारी बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी सुझाव भी प्राप्त किए। कृषकों ने बताया कि इस प्रकार के किसान मेले उन्हें नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा आय संवर्धन की दिशा में उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान मिला है , जिसका प्रत्यक्ष लाभ वे अपने खेतों में अवश्य लेंगे।

## हथियारों के साथ पांच बदमाश गिरफ्तार



**राउरकेला।** शहर की प्लांट साइट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए डकैती की एक सुनियोजित साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। प्लांटसाइट थाना पुलिस ने 29 और 30 जनवरी की दरम्यानी रात गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक सुनसान इलाके से पांच हथियारबंद बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्लांटसाइट थाना के उपनिरीक्षक एनण दलई अन्य पुलिसकर्मियों के साथ नियमित रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों को लेकर विश्वसनीय सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे कॉलोनी अंतर्गत छोटा पार्क क्षेत्र में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से प्रिंस राव उर्फ पिंचू, बी सूर्य उर्फ चिंटू राव, सचिन प्रसाद उर्फ पोता, अमन साव और नारायण साहू उर्फ गोरखा को संदिग्ध अवस्था में एकत्रित पाया और गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से तलवार, भुजाली कटी और लोहे की छड़ें बरामद की गईं।

## लाठीकटा तहसील में घूसखोरी के खिलाफ उबाल

राउरकेला। लाठीकटा तहसील कार्यालय में कथित घूसखोरी के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दियाए जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील कार्यालय में जमीन से जुड़े कार्यों और विभिन्न प्रमाण पत्रों के लिए खुलेआम रिश्वत की मांग की जा रही थी। बार.बार शिकायत के बावजूद जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो मजबूर होकर ग्रामीणों ने विरोध का रास्ता अपनाया। देखते ही देखते तहसील परिसर नारेबाजी और हंगामे का केंद्र बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। विधायक ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि घूसखोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधायक के हस्तक्षेप और प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने ताला खोलने पर सहमति जताई।

### किसानों के एक-एक दाने की खरीदी करना सरकार की जिम्मेदारी

# मनरेगा कानून व धान खरीदी को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना, चक्काजाम

**पत्थलगांव।** मनरेगा कानून को रद्द करने तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस की अगुवाई में पाकरगांव में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगभग चार घंटे तक धरना दिया और सड़क पर उतरकर बिना यातायात प्रभावित किए कुछ समय के लिए सांकेतिक चक्का जाम भी किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।


धरना स्थल पर पूर्व विधायक रामपुकार सिंह ने कहा कि कांग्रेस किसानों और श्रमिकों के अधिकारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा का नाम बदलने की कोशिश एक सोची-समझी साजिश है, जिससे गरीबों और मजदूरों के हक कमजोर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान लगातार प्रताड़ना झेल रहे हैं और उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री आरती सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों के एक-एक दाने की खरीदी करना सरकार की जिम्मेदारी है और यह जिम्मेदारी निभानी ही होगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मनरेगा का नाम परिवर्तन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। कार्यक्रम को पवन अग्रवाल, कुलविंदर सिंह भाटिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, हंसराज अग्रवाल तथा नंदलाल यादव ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने भी मंच संचालन के दौरान नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ रोष जताया। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण ढंग से हुआ, लेकिन कार्यकर्ताओं में सरकार के प्रति नाराजगी साफ तौर पर देखने को मिली। धरना-प्रदर्शन में राजेंद्र अग्रवाल, माधव शर्मा, यदु बेहरा, मोहनीश साहू, शैलेश शर्मा, रोहित यादव, रमेश यादव, रमेश तिवारी, पार्षद संजय तिवारी, अशोक गुप्ता, जनार्दन पंकज, रोसू फोटवानी, धनमति प्रधान, अंकित शर्मा, निशामुद्दीन खान, किशोर यादव, मीना यादव, अनिता खाखा, अजिताभ कुजूर, अरविंद तिग्गा, तिरपन एक्का, लीलाधर यादव, सोन साय, सुरेंद्र तिर्की, आनंद नाग, ध्रुप गुप्ता, मनोज अग्रवाल, रविशंकर खूंटियां, छत्रोमोहन यादव, पूनम अंबष्ट, परमेंद्र चौहान, खीरों यादव, धनेश्वर यादव, दीवान साय, टिकेश्वर यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## जशपुर में कांग्रेस का धरना सांकेतिक चक्काजाम




**जशपुरनगर।** मनरेगा कानून में प्रस्तावित बदलाव और धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर जिले में शुक्रवार को जोरदार राजनीतिक हलचल देखने को मिली। कांग्रेस के नेतृत्व में जिला मुख्यालय, मनोरा और पंडरापाठ में व्यापक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। चार घंटे तक चले आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सड़क पर उतरकर सांकेतिक चक्का जाम कर विरोध दर्ज कराया। हालांकि प्रशासनिक सतर्कता के चलते यातायात को पूरी तरह बाधित नहीं होने दिया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विनय भगत ने कहा कि किसान और श्रमिक वर्ग पहले से आर्थिक दबाव में है, ऐसे समय में नीतिगत बदलाव उनके लिए नई परेशानी खड़ी कर रहे हैं। आंदोलन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया। प्रदर्शन के अंत में प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने, मनरेगा की पूर्व व्यवस्था बहाल करने और नियमों में किए गए बदलाव वापस लेने की मांग दोहराई गई। जशपुर ब्लॉक में ब्लाक अध्यक्ष ग्रामीण अमित महतो, मनोरा में ब्लॉक अध्यक्ष संजीव भगत एवं सन्ना में ब्लॉक अध्यक्ष देवकृपा यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया।



## जॉन का बदला हुलिया देख फैंस बोले- क्या लगते थे, क्या हो गए

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की पर्सनैलिटी के दीवाने उनके लाखों फैंस हैं। 'धूम' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में लोगों ने न सिर्फ उनके अभिनय को सराहा, बल्कि उनके लुक्स की तारीफें भी हुई हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर सामने आई है जिसने फैंस को चौंका दिया। क्लीन-शेव लुक में जॉन बिल्कुल बदले अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, ऐसा उनके चाहने वालों का कहना है। कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, तो वहीं कुछ उनका समर्थन करते दिखे। तस्वीर में जॉन अपनी टीम के साथियों संग पोज दे रहे हैं। उन्होंने ऑल ब्लैक लुक अपनाया है जिसमें उनके क्लीन-शेव लुक ने लोगों का ध्यान खींच लिया। एक यूजर ने लिखा, 'क्या लगते थे, और क्या हो गए।'

लाइफ Style

# दीपिका

## एटली के लिए हैं 'लकी चार्म', नई फिल्म से जुड़ीं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जानेमाने निर्देशक एटली ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना 'लकी चार्म' बताया है। एटली की अपकमिंग फिल्म, जिसे फिलहाल एए22Xए6 नाम दिया गया है, अपने ऑफिशियल ऐलान के बाद से ही जबरदस्त चर्चा में बनी हुई है।

जैसे ही एक दमदार अनाउंसमेंट एसेट के जरिए दीपिका पादुकोण के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की खबर सामने आई, फिल्म को लेकर बातचीत और भी तेज हो गई। एटली की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म बताई जा रही इस प्रोजेक्ट में अल्लू अर्जुन भी नजर आएंगे। जवान जैसी बड़ी ब्लॉकबस्टर देने वाले डायरेक्टर एटली एक बार फिर दीपिका पादुकोण के साथ काम कर रहे हैं, जो दोनों की दूसरी फिल्म होगी। एक एक्सक्लूसिव बातचीत में एटली ने इस प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की और दीपिका की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें अपनी "लकी चार्म" बताया। इस खुलासे के साथ ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई और एए22Xए6 हाल के समय की सबसे ज्यादा चर्चित फिल्मों में शामिल हो गई। जिससे फिल्म का स्केल और दर्शकों की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। एटली ने इशारा किया है कि इस फिल्म में दर्शक दीपिका पादुकोण का एक बिल्कुल नया रूप देखेंगे। डायरेक्टर ने बताया कि एए22Xए6, मां बनने के बाद दीपिका की पहली फिल्म होगी, जिससे यह कोलैबोरेशन और भी खास बन जाता है। दीपिका पादुकोण के पास इस साल एक और बड़ा प्रोजेक्ट भी लाइनअप में है।



## हॉलीवुड मसाला



### ताज महल डायमंड सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक

**लॉस एंजिल्स।** मार्गोट रॉबी अपनी नई फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ जैकब एलोर्डी हैं। रेड कार्पेट पर उनकी हालिया उपस्थिति बहुत यादगार रही। इस दौरान मार्गोट रॉबी ने 'ताज महल हीरा' पहना हुआ था, जो अब तक के सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक है। 28 जनवरी को लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई।



### ग्रैमी पुरस्कार-2026 में चलेगा आवाज का जादू

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार जस्टिन बीबर लंबे समय के बाद मंच पर वापसी करने जा रहे हैं। इस खबर ने आते ही उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। साल 2022 में, ब्राजील के 'रॉक इन रियो' फेस्टिवल के बाद से वह सावर्जनिक कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थे। खबरों के मुताबिक, लंबे समय के बाद गायक को प्रतिष्ठित ग्रैमी पुरस्कार 2026 में परफॉर्म करते हुए देखा जा सकता है। उन्हें मंच पर दोबारा देखने के लिए उनके चाहने वाले बेताब हैं। द हॉलीवुड रिपोर्टर की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिन को ग्रैमी पुरस्कार 2026 के लिए 4 नामांकन मिले हैं। एल्बम ऑफ द ईयर कैटेगरी के अंतर्गत पहला नामांकन एल्बम 'स्वैग' के लिए मिला, जो 2021 के 'जस्टिस' के बाद उनका पहला स्टूडियो एल्बम है। हालांकि 'स्वैग' गायक का 7वां स्टूडियो एल्बम है जो जुलाई, 2025 में रिलीज हुआ।



## 'एक्सपायरी डेट' मिलने पर खुलकर बोलीं


**मुंबई।** 'जस्सी जैसी कोई नहीं' टीवी शो से लोकप्रिय हुईं मोना सिंह इन दिनों धड़ाधड़ फिल्में और सीरीज कर रही हैं। हाल ही में उन्हें 'बॉर्डर 2' और 'हैप्पी पटेल' जैसी फिल्मों में देखा गया। अब उनकी सीरीज 'कोहरा 2' नेटफ्लिक्स पर आने के लिए तैयार है। प्रमोशन के दौरान 40 वर्षीय मोना ने पर्दे पर 50 और 60 साल की उम्र के किरदार पर बात की। साथ ही सिनेमा जगत में महिलाओं को 'एक्सपायरी डेट' दिए जाने पर प्रतिक्रिया दी। एक बातचीत में अभिनेत्री बोलीं, मुझे पर्दे पर अपनी उम्र की परवाह नहीं। सच में नहीं, क्योंकि मैं बहुत आत्मविश्वासी हूं और मैं जानती हूं कि मैं कौन हूं। मुझे कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है, इसीलिए मैं जोखिम लेती रहती हूं। लोग हमेशा मुझसे पूछते हैं, 'आप पर्दे पर इतनी उम्रदराज क्यों दिखती हैं?'



## फरहान ने 'डॉन-3' को डाला ठंडे बस्ते में

**मुंबई।** फरहान अख्तर की 'डॉन 3' का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। रणवीर सिंह के अचानक पीछे हटने के बाद फिल्म फिर ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। बीच में खबर थी कि फिल्म के लिए ऋतिक रोशन और शाहरुख खान से बातचीत चल रही है, लेकिन अब चर्चा है कि फरहान इससे ध्यान हटाकर अपनी दूसरी परियोजना पर काम शुरू करना चाहते हैं। वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जी ले जरा' पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान को लगता है कि 'डॉन 3' की कास्टिंग होना जरूरी है, लेकिन वह आश्वत होना चाहते हैं कि इस भूमिका को कौन निभाएगा। यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि अभिनेता फिलहाल अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'जी ले जरा' को पटरी पर लाना चाहते हैं।

## टीवी मसाला




### स्टार प्लस पर नए शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' की घोषणा

**मुंबई।** स्टार प्लस के नये शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' का प्रीमियर तीन फरवरी को रात 8:30 बजे पर होने जा रहा है। स्टार प्लस अपने प्राइम टाइम फिक्शन स्लॉट में एक नया शो जोड़ने जा रहा है। 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' एक फैमिली ड्रामा है, जिसमें सस्पेंस और थ्रिल का जबरदस्त ट्विस्ट देखने को मिलेगा। चैनल ने इसका नया प्रोमो रिलीज किया है, जो दिखाता है कि बाहर से बिल्कुल आम लगने वाली पति-पत्नी की ज़िंदगी के पीछे एक बड़ा राज छुपा हुआ है। रोज़मर्रा की बातें, रिश्तों की उलझनें और साथ ही एक सीक्रेट लाइफ, यही इस शो को खास बनाती है और दर्शकों को कुछ नया देखने का एक्साइटमेंट देती है। नील भट्ट और शांभवी सिंह की लीड जोड़ी वाला 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' दर्शकों को शिवप्रसाद और शालिनी से मिलवाता है, जो अपने दो बच्चों एक बेटी और एक बेटे के साथ एक आम-सी ज़िंदगी जीते नज़र आते हैं। बाहर की दुनिया के लिए शिवप्रसाद एक सादा, ज़मीन से जुड़ा इंसान है, जो अपने परिवार से प्यार करता है और छोटी-सी, सुकून भरी लाइफ में खुश है। लेकिन इस सीधी-सादी छवि के पीछे एक चौंकाने वाला सच छुपा है, जो कहानी को पूरी तरह अलग मोड़ देता है। शो में नील भट्ट ड्यूल रोल में नज़र आएंगे। एक तरफ़ वे हैं शिवप्रसाद एक प्यार करने वाले पति और जिम्मेदार पिता, जो अपने परिवार के लिए हर वक्त खड़ा रहता है। वहीं दूसरी तरफ़ है परशुराम एक ट्रेंड स्पाई, जिसकी ज़िंदगी घर-गृहस्थी से बिल्कुल अलग, खतरे और सीक्रेसी से भरी हुई है। शिवप्रसाद की सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ़ दो ज़िंदगियां जीना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि ये दोनों दुनिया कभी टकराएं नहीं। एक ओर देश के लिए मिशन, दूसरी ओर परिवार की ज़िम्मेदारी और इसी बैलेंस में छुपा है शो का असली सस्पेंस।

### 'द 50' का प्रोमो जारी, आपस में भिड़े प्रतियोगी

**मुंबई।** कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार नया रियलिटी शो 'द 50' ला रहा है जिसका क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। शो में 50 मशहूर हस्तियां हिस्सा ले रही हैं जिनके नाम तो पहले ही आए गए थे। नए प्रोमो में उन्हें 'लॉयन' के घर में प्रवेश करते दिखाया गया। 50 दिन चलने वाले इस शो में प्रतियोगियों को मानसिक और शारीरिक चुनौतियों का सामना करना होगा। प्रोमो में पहले ही दिन सितारों को आपस में झगड़ते देखा गया है। प्रोमो में 'लॉयन' के आलीशान महल को दिखाया गया है जहां सभी 50 प्रतियोगियों को रहते हुए गेम खेलना होगा। यह शो पूरे 50 दिन चलेगा। प्रतियोगी 50 लाख रुपये के लिए खेलेंगे। ट्विस्ट ये है कि प्राइज की रकम सितारों को नहीं, बल्कि किसी एक प्रशंसक को मिलेगी। इस नियम के चलते प्रतियोगी मेकर्स पर चीटिंग का आरोप लगाते हैं। इसके अलावा, प्रोमो में करण पटेल, प्रिंस नरुला और फैसल शेख गेम के दौरान आपस में भिड़ते नजर आए।




## दिलजीत-इम्तियाज की जोड़ी तैयार आ गई फिल्म की रिलीज तारीख

**मुंबई।** निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' ने लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य किरदार में थे। पिछले साल निर्देशक ने दिलजीत के साथ अपनी दूसरी फिल्म का ऐलान किया था जिसपर बड़ा अपडेट आया है। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान किया है, जिसने लोगों को उत्साहित कर दिया। हालांकि अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी ने इस फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया है।



***इस तरीख को रिलीज होगी फिल्म*** : बिना शीर्षक वाली इस फिल्म का निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट, विंडो सीट फिल्म्स और इम्तियाज ने मिलकर किया है, जो प्यार और तड़प की एक मनमोहक कहानी होने का दावा करती है। निर्माताओं ने शूटिंग अगस्त, 2025 में शुरू कर दी थी और इसे अप्रैल, 2026 में रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब इसकी रिलीज तारीख में फेर-बदल कर दिया गया है। दिलजीत की फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### *दिलजीत के साथ नजर आएंगे ये सितारे*

*पहली बार होगा जब फिल्म में दिलजीत के साथ शरवरी की ऑनस्क्रीन जोड़ी दिखाई देगी। वेदांग रैना और दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी इसका हिस्सा होंगे। चर्चा है कि कहानी भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौर पर आधारित होगी लेकिन स्पष्ट आधिकारिक ऐलान के बाद होगा। इसके अलावा फिल्म में इम्तियाज, एआर रहमान और इरशाद कामिल की जादुई तिकड़ी दोबारा काम कर रही है, जो पहले 'रॉकस्टार' और 'तमाशा' जैसी फिल्मों में तहलका मचा चुकी है।*

## अरिजीत सिंह से पहले इन सितारों ने लिया संन्यास, एक तो बनीं साध्वी

*मुंबई। अरिजीत सिंह ने गायिकी से संन्यास लेकर फैंस को तगड़ा झटका दिया है। उनके इस फैसले की कई वजहें मानी जा रही हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। इसके अलावा, उनके राजनीति में उतरने की खबरें भी ध्यान खींच रही हैं। खैर, अरिजीत ने सिर्फ गायिकी से संन्यास लिया है, लेकिन कई ऐसे सितारे हैं जिन्होंने समय से पहले अपने फिल्मी करियर से संन्यास ले डाला।*



### 'असिन थोट्टुमकाल' और 'ट्विंकल खन्ना'

'गजनी' और 'रेड्डी' जैसी फिल्मों से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अभिनेत्री असिन थोट्टुमकाल ने कम उम्र में अभिनय की दुनिया को अलविदा कह दिया था। साल 2016 में उन्होंने यह फैसला तब लिया, जब उन्होंने व्यवसायी राहुल शर्मा से शादी की थी। अक्षय खन्ना की पत्नी ट्विंकल खन्ना ने 1995 में फिल्म 'बरसात' से डेब्यू किया था। उन्होंने अपने करियर में अधिकतर फ्लॉप फिल्में दी थीं। यही कारण था कि उन्होंने जल्द ही अभिनय से संन्यास ले लिया।

### 'जायरा वसीम' और 'रिमी सेन'

'दंगल' से डेब्यू करने वालीं जायरा वसीम ने महज 18 साल की उम्र में सिनेमा से संन्यास ले लिया था। उन्हें 'सीक्रेट सुपरस्टार' और 'स्काई इज पिंक' जैसी फिल्मों में देखा गया, लेकिन बाद में जायरा ने अपने धर्म के चलते शोबिज से दूरी बना ली। 2000 के दशक की मशहूर अभिनेत्री रिमी सेन भी अभिनय से संन्यास ले चुकी हैं। उन्होंने अपने करियर में बेहतरीन फिल्में कीं लेकिन अब वह दुबई में रहकर रियल एस्टेट एजेंट बन चुकी हैं।

### 'ममता कुलकर्णी' और 'विनोद खन्ना'

90 के दशक की मशहूर अदाकारा ममता कुलकर्णी कई हिट फिल्में देकर अचानक बॉलीवुड से गायब हो गई थीं। कई साल बाद वह साध्वी बनने को लेकर चर्चा में आईं। 2025 के महाकुंभ में उन्होंने पूरी तरह से साध्वी के जीवन को अपना लिया था। दिवंगत अभिनेता विनोद खन्ना भी इस सूची में शामिल हैं। उन्होंने 1982 में करियर के पीक पर बॉलीवुड से संन्यास लेकर फैंस को चौंका दिया था। वह आध्यात्मिक गुरु ओशो के अनुयायी बन गए थे।

### आईएमडीबी पर भी सबसे ज्यादा रेटिंग के साथ दर्शकों और समीक्षकों की बनी पहली पसंद

# 'श्रीमंथुडू' सबसे सफल फिल्म, रेटिंग व कमाई में नंबर वन



*मुंबई। अभिनेत्री और गायिका श्रुति हासन 39 साल की हो गई हैं। कमल हासन की विरासत को अपनी मेहनत और प्रतिभा से आगे बढ़ाने वाली श्रुति ने न केवल दक्षिण भारतीय फिल्मों में, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज हम आपको बताएंगे उनकी उस फिल्म के बारे में, जो न केवल बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही, बल्कि आईएमडीबी पर भी सबसे ज्यादा रेटिंग के साथ दर्शकों और समीक्षकों की पहली पसंद बनी हुई है।*

### 'श्रीमंथुडू' ने दिलाई सबसे बड़ी कामयाबी

श्रुति ने अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन साल 2015 में आई 'श्रीमंथुडू' ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया।कोरतल्ला शिवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रुति ने न केवल अपनी खूबसूरती, बल्कि अपने संजीदा अभिनय से भी लोगों को प्रभावित किया। इस फिल्म को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है, जो किसी भी कमर्शियल मसाला फिल्म के लिए बहुत प्रभावशाली मानी जाती है। इतनी रेटिंग श्रुति की किसी भी फिल्म को नहीं मिली है।



### 'चारुसीला' बनकर छाईं श्रुति

फिल्म में श्रुति द्वारा निभाए गए 'चारुसीला' के किरदार को काफी सराहा गया। समीक्षकों ने महेश बाबू के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को फिल्म की जान बताया। गांव को गोद लेने और अपनी जड़ों से जुड़ने की इस भावनात्मक एक्शन ड्रामा फिल्म ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। इसने श्रुति को वो मुकाम दिया, जहां से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिल्म में उन्होंने एक ऐसी लड़की की भूमिका निभाई, जो स्वतंत्र, शिक्षित और मजबूत विचारों वाली है।

### 60 करोड़ के बजट में कमाए 200 करोड़

'श्रीमंथुडू' 2015 की सबसे कमाऊ फिल्मों में से एक थी। इसने दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी। उस समय के हिसाब से ये एक अविश्वसनीय आंकड़ा था। जिस दौर में 'बाहुबली: द बिगिनिंग' ने पूरे भारत में तहलका मचा रखा था, उसी साल रिलीज हुई 'श्रीमंथुडू' ने अपना अलग मुकाम बनाया। ये 'बाहुबली' के बाद तेलुगू सिनेमा के इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। फिल्म का बजट 60 करोड़ था।

### श्रुति की आने वाली फिल्में

नंदी पुरस्कार से लेकर फिल्मफेयर पुरस्कार तक जीतने वाली इस फिल्म ने श्रुति की फिल्मावली में चार चांद लगा दिए थे। श्रुति की आने वाली फिल्मों की बात करें तो प्रभास के साथ 'सालार' की सफलता के बाद श्रुति अब इसके दूसरे भाग 'सालार: पार्ट 2 - शौर्यांग पर्व' में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाएंगी। उनके पास थ्रिलर फिल्म 'ट्रेन' भी है, जिसमें उनके साथ अभिनेता विजय सेतुपति नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी ट्रेन यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है।

**खबर संक्षेप**

### मिड़मिड़ा में छात्रों को शिक्षा सामग्री का वितरण

**पुसौर।** आईडीबीआई बैंक शाखा पुसौर द्वारा सीएसआर मद से विभिन्न सामग्रियां प्राथमिक शाला मिडमिडा को प्रदान की गई। आईडीबीआई बैंक शाखा पुसौर अपने सी एस आर कामों के लिए अंचल में प्रसिद्ध है विगत कई वर्षों से पुसौर क्षेत्र में क्षेत्र में कई विद्यालयों को अनेक उपयोगी समान यथाः कुर्सी, टेबल, आलमारी आदि बैंक द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में नवीन शासकीय प्राथमिक विद्यालय डीपापारा मिडमिडा को भी शिक्षण हेतु कई उपयोगी सामान प्रदान किए गए विद्यालय को प्रदान किए गए सामान हेतु संस्था प्रमुख हेमंत कुमार निर्मलकर द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक शाखा पुसौर के शाखा प्रमुख प्रबंधक प्रशांत दीप के द्वारा उद्बोधन में बच्चों को मन लगाकर पढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय में समस्त शिक्षकों के साथ रसोईया एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अदाणी पावर ने किया चिखली में हेलमेट वितरण



**रायगढ़।** सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत अदाणी पावर लिमिटेड ने ग्राम चिखली सारंगढ़ नेशनल हाईवे में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर 106 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व से जोड़ना था। कार्यक्रम के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को पुलिस ने रोका और उन्हें यातायात नियमों तथा जीवन सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की अनिवार्यता समझाई। इसके बाद अदाणी पावर की ओर से उन्हें हेलमेट प्रदान किए गए। इस जिम्मेदार कदम ने न केवल चालकों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराया बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में ठोस योगदान भी दिया। इस आयोजन का शुभारंभ एएसपी अनिल सोनी और डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह ने किया। अदाणी पावर की ओर से चीफ बिज़नेस ऑफिसर शशधर दास और प्रोजेक्ट हेड अजीत राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन में मानव संसाधन, सिक्योरिटी और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन विभाग की टीमों का सहयोग उल्लेखनीय रहा, जबकि संपूर्ण संचालन पुसौर थाना प्रभारी राम किंकर यादव ने किया। अदाणी पावर की यह पहल कंपनी की सामाजिक उत्तरदायित्व प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

### आंगनबाड़ी के बच्चों को दिया गया पुरस्कार

**रायगढ़।** पूर्वांचल के ग्राम पंचायत लोइंग आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे रिटायर्ड डॉ. बसंत कुमार मेहर उनके ज्येष्ठ पुत्र स्व. केशव चंद्र मेहर के स्मृति में आंगनबाड़ी के बच्चों को पेन पुरस्कार दिया गया।

संस्था की अधीक्षिका अनिमा मिंज के निर्देशन और नेतृत्व में छात्राओं ने किया कमाल

# क्रीड़ा परिसर धरमजयगढ़ की छात्राएं कर रही हैं संस्था का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शा कन्या क्रीड़ा परिसर धरमजयगढ़ के खिलाड़ी छात्राओं ने हैंडबॉल, वालीबाल एवं एथलेटिक्स खेल में अपना प्रदर्शन करते हुए जिला एवं राज्य स्तर के साथ-साथ राष्ट्र स्तर पर भी अपना परचम लहराया है। जिसमें हैंड बाल खेल में राज्य स्तर पर 16 छात्राएं और एथलेटिक्स में 03 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कु रिया बड़ा कक्षा 11 वीं ने गोला फेक में कांस्य पदक प्राप्त किया और बालीवाल के विधा शिक्षक कृष्ण कुमार पटेल के कुशल नेतृत्व से 09 छात्राओं ने राज्य स्तर पर और 02 छात्रा कु मनीषा राठिया और कु प्रीति राठिया वालीबाल ने राष्ट्र स्तर पर आंध्र प्रदेश में दिनांक 05 से दिनांक 09 जनवरी तक होने वाले राष्ट्र स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

यहां की 28 छात्राएं राज्य और 2 राष्ट्र स्तर के खिलाड़ी रहे। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के संरक्षक एवं मार्गदर्शक श्रीकांत दुबे ने छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ क्रीड़ा परिसर संस्था के व्यायाम शिक्षक उमा सिंह ठाकुर, सोनम खान और संस्था की अधीक्षिका अनिमा मिंज ने छात्राओं को बधाइयां देते हुए वर्तमान पदस्थ सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे का आभार व्यक्त किया।

#### कोरोना काल के बाद हुआ सुधार

कोरोना के बाद पिछले 2 सत्र में छात्रों का खेलकूद रिजल्ट सामान्य था। साल 2024-25 से 26 छात्राओं ने राज्य स्तर पर भाग लेकर जिला का प्रतिनिधित्व किया और 2 छात्राओं ने राष्ट्र स्तर पर भाग लेकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था। इसके बाद स्थिति में सुधार आने लगी और साल 2025-26 जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में कुल 91 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें 80 छात्राओं ने प्रथम और 11 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्षेत्र स्तरीय खेल प्रतियोगिता में कुल 75 छात्राओं ने भाग लेकर अपना प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तर पर 28 छात्राओं और राष्ट्र स्तर पर 02 ने सीजी का प्रतिनिधित्व किया।



## अदाणी पॉवर ने गणतंत्र दिवस पर किया 41 अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी पॉवर लिमिटेड की छोटे भंडार रायगढ़ परियोजना परिसर में 77वाँ गणतंत्र दिवस गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों के साथ उनके परिवारजनों ने भाग लिया।

स्टेशन हेड शशधरा दास और प्रोजेक्ट हेड अजीत राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर परियोजना और ओ एंड एम विभाग में कार्यरत 41 अधिकारी-कर्मचारियों तथा 15 सुरक्षा पर्यवेक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक समिति के सहयोग से कर्मचारियों के बच्चों ने देशभक्ति नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए। स्थानीय विद्यालयों के छात्रों और सीएसआर संचालित सिलाई केंद्र की युवतियों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। महिला स्व.सहायता समूहों द्वारा घरेलू उत्पादों और हस्तशिल्प सामग्री की प्रदर्शनी एवं बिक्री आयोजित की गई।

## उत्कल ब्राम्हण समाज ने किया सामूहिक व्रतोपनयन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर




रामनवमी के पावन अवसर पर सामूहिक व्रतोपनयन संस्कार का आयोजन करने सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए गुरुवार को उत्कल ब्राह्मण समाज तहसील पुसौर ने बैठक किया। जिसमें व्रतोपनयन संबंधी सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई और बटुक पंजीयन से लेकर पूरे आयोजन की रूपरेखा के बारे में सभी ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों ने इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर एकजूटता के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

ज्ञात हो कि समाज रूपी वट वृक्ष की छाया में सभी लोगों को समता की भावना में पिरोने का यह पावन कार्य निरंतर 13 वर्षों से जारी है। सामूहिक व्रतोपनयन संस्कार में जहाँ नन्हें वटुकों का उपनयन संस्कार मंत्रोच्चार के साथ विधि पूर्वक किया जाता है। वहीं इस आयोजन में उत्कल संस्कृति की झलक मन को मोह लेने वाली होती है। पुसौर में होने वाले इस आयोजन की चर्चा न केवल पूरे छत्तीसगढ़ में होती है बल्कि पड़ोसी राज्य उड़ीसा में भी होती है। इस बैठक में समाज के संरक्षक पंडित गुणनिधि सतपथी, संरक्षक अनिल पंडा समाज के अध्यक्ष अक्षय सतपथी व्रतोपनयन समिति अध्यक्ष मोहित सतपथी समाज के सचिव विकास कुमार होता सहित सुभाष चंद्र होता राजेंद्र शर्मा सुधीर शर्मा गिरधारी होता अनिल सतपथी कीर्तिवास होता डमरूधर पंडा प्रांजल पंडा अभिनव सतपथी समाज की महिला अध्यक्ष नलिनी पंडा व पदाधिकारी वेदमती पंडा, पूर्णिमा सतपथी उमा षड़ंगी, प्रतिभा पंडा सुषमा षड़ंगी प्रतिमा होता उपस्थित रहे।

## हरि ओम पब्लिक स्कूल के बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



हरि ओम पब्लिक हाई स्कूल छाल में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों और अतिथियों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी वर्गों का मन मोह लिया। नन्हे.मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पुराने और नए गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों में जहाँ एक ओर नन्ही बच्चियों का थिरकता हुआ आत्मविश्वास दिखाए वहीं दूसरी ओर भावनात्मक गीतों पर प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों की आँखें नम कर दीं।

कई क्षणों में पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं नाट्य मंचन अत्यंत सराहनीय रहे। देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियों ने राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त रूप से उभारा, वहीं नारी शिक्षा और बुजुर्गों के सम्मान पर आधारित नाटक ने उपस्थित जनसमूह को गहरे स्तर पर सोचने को विवश कर दिया। इस प्रस्तुति के दौरान कई बुजुर्ग दर्शकों की आँखें भर आईं और पूरे सभागार से वाह-वाह की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुणधर दीवान विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिखा रविंद्र गवेल, तथा अन्य सम्मानित अतिथियों श्रीमती रजनी राठिया एवं संत राम खूंटे, ब्लाक शिक्षा अधिकारी एसआर सिदार ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। अतिथियों ने कहा कि हरि ओम पब्लिक हाई स्कूल, छाल न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि संस्कारए संस्कृति और नैतिक मूल्यों के संवर्धन में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत अनुशासित, सुव्यवस्थित और प्रभावशाली रहा। अभिभावकों एवं उपस्थित नागरिकों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे एक स्मरणीय आयोजन बताया। और अंत में विद्यालय के प्राचार्य आशा शर्मा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकाश, संस्कार, स्वदेश प्रेम, खेल और अन्य सभी प्रतिभा को निखारने और बच्चों को गढ़ने में कोई कमी नहीं करेंगे का भरोसा दिलाते हुए अपने शिक्षकों के मेहनत लगन की प्रशंसा की और सभी सहयोगियों को आभार व्यक्त कर कार्यक्रम की समापन की घोषणा की।

## सरिया में धान और किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



छत्तीसगढ़ में इन दिनों सबसे ज्वलन्त समस्या है तो धान और किसान को लेकर। क्योंकि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य धान खरीदी की अंतिम तिथि 30 जनवरी होने पर किसानों में चिंता की लकीर व्याप्त है। किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने आज महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेशव्यापी चक्का जाम आंदोलन किया है। इसी कड़ी में सरिया में अटल चौक पर कांग्रेसियों ने चारों दिशा को नाकाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने धान खरीदी की अवधि बढ़ाने की मांग की। क्योंकि लाखों किसानों का धान अभी भी नहीं बिका है। 1 घंटे के चक्कर जाम आंदोलन में कुछ समय तो यातायात प्रभावित रहा। कांग्रेस के अनुसार कई समितियां के टोकन नहीं काटने से किसानों का धान बर्बाद हो रहा है। जिसकी विरोध में यह आंदोलन किया गया। सुबह 11 बजे कांग्रेसियों ने अटल चौक से सरकार के खिलाफ नारेबाजीए प्रदर्शन करते हुए महात्मा गांधी चौक पहुंचे और यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा में पुण्यतिथि अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात कांग्रेसियों की रैली पुनः अटल चौक पहुंची और यहां अटल प्रतिमा के सामने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चक्का जाम आंदोलन प्रारंभ किया। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि किसानों का धान लेने का सरकार ने वादा किया था। और अब उनके धान लेने से मुकर रही है। प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी शरद यादव ने कहा कि किसानों का हक छीनने नहीं दिया जाएगा। जब तक हर पात्र किसान का दाना दाना नहीं खरीदी होगी। तब तक कांग्रेस पार्टी विरोध करती रहेगी या तो सरकार धान खरीदी की तिथि बढ़ाई या फिर टोकन की लिमिट बढ़ाकर किसानों का पूरा धान खरीदे। कांग्रेस ने धान खरीदी से वंचित किसानों के धान खरीदी के लिए टोकन जारी करने की मांग की। कांग्रेसियों के चक्का जाम विरोध प्रदर्शन को देखते हुए तहसीलदार कोमल साहू सरिया और पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में मौका पर मौजूद था।

## ग्राम देवलसुर्रा में 101वां राम सप्ताह नामयज्ञ का आयोजन

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र का ग्राम देवलसुरा अखंड रामायण गायन, सुन्दरकांड पाठ संहित अन्य भक्तिमय संगीत के लिए पिछले कई वर्शो से प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका है और इसे और ही भव्य बनाने इन दिनों यहां के आदर्श नव युवक मण्डल के युवा हर संभव प्रयासरत रहे हैं जिससे ग्राम में खेल, विकास कार्य सहित सांस्कृतिक कार्यो को यथोचित गति मिल रही है और गांव में एक सहृदयता का वातावरण बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक इस ग्राम में पिछले 100 वर्श पुर्व से यहां रामसप्ताह का आयोजन होता रहा है। इसी कडी में 101वा रामसप्ताह का आयोजन जारी है जिसका समापन 1 फरवरी रविवार को होगा। इस सम्बंध में आदर्श नव युवक मण्डल के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत युवा सरपंच कृष्ण कुमार डनसेना ने बताया कि प्रतिदिन क्षेत्र के कीर्तन मंडलियों की सुमधुर गायकी देखने व सुनने का मौका मिल रहा है बिते गुरूवार को बुनगा सोडेकेला, ओडेकेला सहित अन्य गांव के कीर्तन मंडलियां अपने अपने पारी के अनुसार अपनी भक्तिमय कीर्तन का प्रदर्षन किया। जय जय राम सीताराम राधेष्याम सीताराम इस महामंत्र को किर्तन पार्टियों के सस्वर गायन से देवलसुरा और आसपास के गांवों में एक उत्साह का वातावरण बना हुआ है। समापन के अवसर पर नगर भ्रमण कीर्तन एवं महाप्रसाद वितरण होगा। युवक मण्डल ने इस वर्ष इस कार्यक्रम को भव्य बनाने आसपास के कीर्तन पार्टियों को निमंत्रित किया है।






बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर हुई बैठक

## कलेक्टर की चेतावनी, बोर्ड परीक्षा में ना हो गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। आगामी माह फरवरी से प्रारंभ होने वाले 10वीं 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुल 65 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें आवश्यक तैयारी जैसे छात्र छात्राओं के बैठक हेतु पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर, बिजली, पानी आदि के सुविधा सुनिश्चित कर ले। कलेक्टर ने जिले में नकल जैसे अनुचित साधन की उपयोग को रोकने हेतु कुल 8 उड़न दस्ता दल का गठन करने हेतु निर्देशित किया एवं सख्त लहजे में कहा कि किसी भी हाल में अनियमितता नहीं होनी चाहिए। यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए गए तो संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में शांतिपूर्ण माहौल में बिना डर एवं तनाव के माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा कराए जाने हेतु डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू को नोडल अधिकारी बनाया गया है और उन्हें निर्देशित किया गया है कि अविलंब 8 उड़न दस्ता दल का गठन कर आवश्यक रूट चार्ट भी तैयार कर ले एवं संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी करें। कलेक्टर के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि परीक्षा पूर्व सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें ताकि कोई भी छात्र छात्रा अनुत्तीर्ण ना हो।

## सरकारी जमीन पर चार मंज़िला इमारत का अवैध निर्माण

**राउरकेला।** स्थानीय बिसरा रोड क्षेत्र में सरकारी ज़मीन पर चार मंज़िला इमारत का अवैध निर्माण किए जाने का मामला सामने आया। आरोप है कि राउरकेला तहसील कार्यालय द्वारा निर्माण कार्य बंद करने के लिए जारी नोटिस के बावजूद अतिक्रमणकारी उस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बताया गया कि बिसरा चौक स्थित केनरा बैंक तथा पुराने उमा सिनेमा हॉल के पास स्थित एक मूल्यवान सरकारी भूखंड पर यह अवैध निर्माण कार्य जारी है। यह ज़मीन राउरकेला तहसील अंतर्गत टाउन यूनिट नंबर.34 के प्लॉट नंबर.502 में स्थित हैए जिस पर स्थानीय एक व्यवसायी द्वारा कथित रूप से जबरन कब्ज़ा कर लिया गया है। इस संबंध में तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद विभागीय अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि सरकारी ज़मीन पर नियमों को दरकिनार कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके बाद तहसील कार्यालय की ओर से संबंधित अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य तत्काल बंद रखने का निर्देश दिया गया।

